गरवी गुजरात

RNI No. GUJHIN/2011/39228

GARVI GUJARAT

गरवी गुजरात

अहमदाबाद से प्रकाशित होता दैनिक

संपादक : श्री मनोजकुमार चंपकलाल शाह

रजी.ओफिस : टी.एफ-०१,नानकराम सुपर मार्केट,रामनगर,साबरमती,अहमदाबाद- ३८० ००५.गुजरात,भारत.

फोन /फेक्स : (०७९) २७५७ ३३०७, ९०१६३ ३३३०७ (मो) ९३२८३ ३३३०७, ९८२५३ ३३३०७, Email : • Email : garvigujarat2007@gmail.comgarvigujarat2007@yahoo.com • Website : www.garvigujarat.co.in

वर्ष : 08 | अंक : 340 | दि. 11-04-2019 गुरुवार | वि.सं. 2075 | चैत्र सुद-०६ | पाना : 04 | किंमत : 00.50 पैसा

वोट से पहले केन्द्र सरकार को चोट

SC ने राफेल के लीक दस्तावेज माने वैध, फिर से होगी सुनवाई

जो नए दस्तावेज डोमेन में आए हैं, उन आधारों पर मामले में रिव्यू पिटिशन पर सुनवाई होगी : सुप्रीम कोर्ट सुनवाई के लिए नई तारीख तय करेगा

(संपूर्ण समाचार सेवा) नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट से केंद्र सरकार को राफेल डील मामले में करारा झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने सरकार की आपत्तियों को दरकिनार करते हुए राफेल मामले में रिव्यू पिटिशन पर नए दस्तावेज के आधार पर सुनवाई की फैसला किया है। सीजेआई रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली ३ सदस्यीय बेंच ने एक मत से दिए फैसले में कहा कि जो नए दस्तावेज डोमेन में आए हैं, उन आधारों पर मामले में रिव्यू पिटिशन पर सुनवाई होगी। बेंच में सीजेआई के अलावा जस्टिस एस. के. कौल और जस्टिस के. एम. जोसेफ शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट अब रिव्यू पिटिशन पर सुनवाई के लिए नई तारीख तय करेगा। राफेल मामले में सुप्रीम कोर्ट को यह तय करना था कि इससे संबंधित डिफेंस के जो दस्तावेज लीक हुए हैं, उस आधार पर रिव्यू पिटिशन की सुनवाई की जाएगी या नहीं। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में लीक दस्तावेजों के आधार पर रिव्यू पिटिशन पर सुनवाई का विरोध किया था और कहा था कि ये दस्तावेज प्रिविलेज्ड (विशेषाधिकार वाला गोपनीय) दस्तावेज है और इस कारण रिव्यू पिटिशन खारिज किया जाना चाहिए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान जस्टिस के. एम. जोसेफ ने कहा था कि आरटीआई ऐक्ट २००५ में आया है और ये एक क्रांतिकारी कदम था ऐसे में हम पीछे नहीं जा सकते। सरकार ने कहा था कि जो दस्तावेज प्रशांत भूषण ने रिव्यू पिटिशन के साथ पेश किए हैं वह प्रिविलेज्ड दस्तावेज है और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है ये दस्तावेज गोपनीय है और आरटीआई के अपवाद में है साथ ही एविडेंस ऐक्ट के तहत गोपनीय दस्तावेज है। इंडियन एविडेंस ऐक्ट के तहत गोपनीय दस्तावेज पेश नहीं किया जा सकता। जो दस्तावेज राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हो, दो देशों के संबंध पर असर डालता हो उन्हें गोपनीय दस्तावेज माना गया है। अनुच्छेद-१९ (२) के तहत अभिव्यक्ति के अधिकार पर वाजिब रोक की बात है। जहां देश की सुरक्षा से जुड़ा मामला होगा वह रोक के दायरे में आएगा। आरटीआई के तहत भी देश की संप्रभुता से जुड़े मामले को अपवाद माना गया है। सरकारी गोपनीयता कानून की धारा-३ और ५ में भी रोक है। इस दौरान याचिकाकर्ता वकील प्रशांत भूषण ने कहा था कि ये तमाम दस्तावेज पब्लिक डोमेन में है। जो दस्तावेज पहले से लोगों के सामने है उस पर कोर्ट विचार न करें क्योंकि ये प्रिविलेज्ड दस्तावेज है, यह बेकार की दलील है। एविडेंस ऐक्ट के तहत जो दस्तावेज पब्लिक डोमेन में लाने से रोका गया है, वे वैसे दस्तावेज हैं जो पहले से गोपनीय हैं और प्रकाशित नहीं हुए हैं लेकिन इस मामले में डिफेंस के दस्तोवज पहले से लोगों के सामने है। केंद्र सरकार ने अभी तक मामले में केस दर्ज नहीं किया। पहली बार १८ नवंबर को ये रिपोर्ट वेबसाइट पर छपी। सीएजी रिपोर्ट सरकार ने पेश किया है। उसमें डिफेंस डील से संबंधित जानकारी है। भूषण की दलील थी कि सरकार ने खुद सीएजी रिपोर्ट को कोर्ट में पेश किया। ऐसे में उनकी ओर से पेश दस्तावेज को प्रिविलेज्ड दस्तावेज कैसे कह सकते हैं। उधर प्रेस काउंसिल कहता है कि मीडिया कर्मी सोर्स बताने के लिए बाध्य नहीं है। एसपी गुप्ता से संबंधित वाद में सुप्रीम कोर्ट ने व्यवस्था दे रखी है कि कोई दस्तावेज गोपनीय है या नहीं और देश की सुरक्षा से जुड़ा है, इस बात को पब्लिक इंट्रेस्ट में परखा जाएगा। इस मामले में दस्तावेज पहले से पब्लिक में है। सरकार खुद की अपने लोगों को इस तरह की जानकारी लीक करती रही है। रक्षा मंत्री की फाइल नोटिंग भी इसी तरह लीक की गई। २ जी मामले और कोल ब्लॉक मामले में भी दस्तावेज पब्लिक डोमेन में आए थे और सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि विसल ब्लोअर का नाम बाहर लाने की जरूरत नहीं है। अगर दस्तावेज केस के लिए जरूरी है तो यह बात औचित्यहीन है कि उसे कहां से और कैसे लाया गया है। भूषण ने कहा कि वियतनाम वॉर से संबंधित पेंटागन के दस्तावेज पब्लिक डोमेन में आए या नहीं, इस पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया था और यूएस सरकार की राष्ट्रीय सुरक्षा के कारण दस्तावेज गोपनीय रखने की दलील खारिज कर दी गई थी। सरकार की दलील पूर्वाग्रह वाला है और टिकने वाला नहीं है क्योंकि यहां दस्तावेज को विशेषाधिकार वाले दायरे में नहीं रखा जा सकता क्योंकि ये पहले ही प्रकाशित है। अगर दस्तावेज करप्शन के केस के लिए औचित्यपूर्ण है तो इस बात का मतलब नहीं रह जाता कि ये कहां से लाया गया। सुप्रीम कोर्ट ने राफेल मामले में जांच की गुहार से संबंधित अर्जी को १४ दिसंबर २०१८ को खारिज कर दिया था, जिसके बाद रिव्यू पिटिशन दाखिल की गई है जिस पर ओपन कोर्ट में सुनवाई हुई थी। चीफ जस्टिस रंजन गोगोई, जस्टिस एसके कौल और जस्टिस केएम जोसेफ की बेंच ने मामले की सुनवाई हुई थी। १४ मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के उस ऐतराज पर ऑर्डर रिजर्व कर लिया था कि क्या प्रिविलेज्ड दस्तावेज पर विचार करते हुए रिव्यू पिटिशन पर सुनवाई हो या नहीं।

अमेठी की सड़कों पर उतरा गांधी परिवार

लोकसभा चुनाव : अमेठी से राहुल गांधी ने किया नामांकन

नामांकन से पहले करीब तीन किलोमीटर लंबा रोड शो करके राहुल ने अपनी ताकत का अहसास कराया

(संपूर्ण समाचार सेवा) अमेठी,

कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी केरल के वायनाड के बाद अब यूपी के अमेठी से भी पर्चा दाखिल कर दिया। उनके नामांकन जुलूस में सोनिया गांधी को छोड़कर समूचा गांधी परिवार अमेठी की सड़कों पर उतर आया। नामांकन से ठीक पहले आयोजित करीब तीन किलोमीटर लंबा रोड शो करके राहुल गांधी ने अपनी ताकत का अहसास कराया। रोड शो के दौरान राहुल गांधी के साथ चुनावी रथ पर उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा, जीजा रॉबर्ट वाड्रा और उनके दोनों बच्चे रिहान और मियारा भी मौजूद रहे। राहुल गांधी के नामांकन करने के दौरान उनकी मां सोनिया गांधी भी मौजूद रहीं। तीन किमी लंबे इस रोड शो के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल और मालाओं के साथ राहुल गांधी का जोरदार स्वागत किया। राहुल गांधी, प्रियंका और रॉबर्ट वाड्रा ने हाथ हिलाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। रोड शो के रास्ते को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस झंडों और फूल-मालाओं से पाट दिया था। अमेठी में जश्न जैसा माहौल रहा। रोड शो के बाद राहुल गांधी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में अपना पर्चा दाखिल किया। इस दौरान सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, रॉबर्ट वाड्रा भी मौजूद रहे। बता दें कि अमेठी में छह मई को वोट डाले जाएंगे। बता दें कि राहुल गांधी केरल के वायनाड से भी चुनाव लड़ रहे हैं। अमेठी में उनका मुकाबला बीजेपी नेता और केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी से होगा। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी पहली बार दो लोकसभा सीटों से चुनाव लड़ रहे हैं। इससे पहले सोनिया और प्रियंका गांधी राहुल के नामांकन में शामिल होने के लिए मंगलवार रात ही अमेठी पहुंच गई थीं। रोड शो के दौरान राहुल गांधी मुंशीगंज-दरपीपुर-के रास्ते होते हुए गौरीगंज नगर तक जाएंगे। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक अमेठी में स्मृति इरानी से मिल रही कड़ी टक्कर को देखते हुए नामांकन भरने से ठीक पहले रोड शो के जरिए राहुल गांधी ने अपने समर्थकों को लुभाने की कोशिश की। राहुल के रोड शो में कई दिग्गज नेता शामिल हैं। राहुल गांधी अमेठी से लगातार ३ बार सांसद चुने गए हैं। २००४ में उन्होंने पहली बार यहां से जीत हासिल की थी।

फिर २००९ में और २०१४ में भी वह इस सीट से संसद पहुंचे। २०१४ में बीजेपी ने राहुल के खिलाफ स्मृति इरानी को टिकट दिया था। स्मृति के लिए चुनाव प्रचार करने खुद पीएम नरेंद्र मोदी भी अमेठी गए थे। इस बार भी राहुल के सामने स्मृति इरानी चुनौती देंगी। अमेठी से अपना रिश्ता दिल से होने की बात राहुल कई बार कह चुके हैं। यह सीट एक तरह से उनके परिवार की सीट रही है। राहुल गांधी, प्रियंका और रॉबर्ट वाड्रा ने हाथ हिलाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। रोड शो के रास्ते को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस झंडों और फूल-मालाओं से पाट दिया था। अमेठी में जश्न जैसा माहौल रहा। इसी सीट से उनके चाचा संजय गांधी भी चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे। संजय की मौत के बाद १९८१ में इस सीट पर उच-चुनाव हुए और तब राजीव गांधी से यहां से चुनकर संसद गए। राहुल-प्रियंका कई बार चुनाव प्रचार के दौरान अमेठी से खास रिश्ता होने की बात करते रहे हैं।

मेरे पिता की यह कर्मभूमि थी : प्रियंका

अमेठी हमारे लिए पवित्र भूमि हैं : प्रियंका गांधी

(संपूर्ण समाचार सेवा) अमेठी,

कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को अमेठी सीट से पर्चा दाखिल कर दिया। नामांकन और उससे पहले रोड शो के दौरान समूचा गांधी और वाड्रा परिवार मौजूद रहा। प्रियंका गांधी के साथ उनके पति रॉबर्ट वाड्रा, बेटा रिहान और बेटी मियारा भी रोड शो में शामिल हुए। राहुल के पर्चा दाखिल करने के बाद प्रियंका ने पूरे परिवार के साथ नामांकन यात्रा में शामिल होने की वजह बताई। प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर लिखा, 'कुछ रिश्ते दिल के होते हैं। आज भाई (राहुल गांधी) के नामांकन के लिए पूरा परिवार मौजूद था। मेरे पिता की यह कर्मभूमि थी, हमारे लिए पवित्र भूमि है। प्रियंका गांधी के साथ उनके पति रॉबर्ट वाड्रा, बेटा रिहान और बेटी मियारा भी रोड शो में शामिल हुए। राहुल के पर्चा दाखिल करने के बाद प्रियंका ने पूरे परिवार के साथ नामांकन यात्रा में शामिल होने की वजह बताई। प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर लिखा, 'कुछ रिश्ते दिल के होते हैं। प्रियंका गांधी ने नामांकन के बाद अपने बच्चों के साथ नामांकन स्थल पर सेल्फी भी ली। बता दें कि इससे पहले केरल के वायनाड में भी राहुल गांधी के साथ उनकी बहन मौजूद थीं। राहुल गांधी के साथ प्रियंका ने रोड शो भी किया था।

राहुल ने अमेठी के लोगों से छल किया : स्मृति इरानी

स्मृति इरानी का राहुल पर तंज, क्या अमेठी सिंगापुर बन गई ?

बीजेपी के ५ साल के कार्यकाल में अमेठी में काम हुआ है यहां जो भी विकास है वह बीजेपी के कारण है : स्मृति

(संपूर्ण समाचार सेवा) अमेठी,

कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के अमेठी से पर्चा भरने के साथ ही इस हॉट सीट पर सियासी घमासान और तेज हो गया है। बुधवार को एक तरफ जहां अमेठी में राहुल गांधी ने नामांकन दाखिल किया तो वहीं दूसरी तरफ उनकी प्रतिद्वंदी केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने उन पर जमकर हमला बोला। इस दौरान राहुल गांधी पर वार करते हुए स्मृति ने उनसे तंज भरे लहजे में पूछा, क्या अमेठी सिंगापुर बन गई ? राहुल गांधी यहां समय-समय पर अमेठी को सिंगापुर बनाने का दावा करते रहे हैं। राहुल गांधी ने बुधवार को अमेठी से नामांकन किया। नामांकन से पहले उन्होंने रोड शो कर शक्ति प्रदर्शन भी किया। इस दौरान उनकी बहन प्रियंका गांधी, जीजा रॉबर्ट वाड्रा और उनके दोनों बच्चे रिहान और मिराया भी रोड शो में शामिल रहे। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल इस बार दो लोकसभा सीटों से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कुछ दिन पहले केरल के वायनाड सीट से भी नामांकन किया है। उधर, गुरुवार को यहां से बीजेपी प्रत्याशी स्मृति इरानी नामांकन करेंगी। बुधवार को इरानी ने राहुल पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने अमेठी के लोगों से छल किया है। इरानी ने कहा कि सच्चाई यह है कि बीजेपी के ५ साल के कार्यकाल में अमेठी में काम हुआ है और यहां जो भी विकास है वह बीजेपी के कारण है। अमेठी ने यह भी कहा कि वह और उनकी सरकार किसानों, गरीबों और व्यापारियों के साथ है। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि वह साथ छोड़कर नहीं भागेंगी बल्कि अपने क्षेत्र के लोगों के हक की लड़ाई उनके साथ रहकर लड़ती रहेंगी। स्मृति ने इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि वह साथ छोड़कर नहीं भागेंगी बल्कि अपने क्षेत्र के लोगों के हक की लड़ाई उनके साथ रहकर लड़ती रहेंगी। राहुल गांधी पहली बार अमेठी से २००४ में चुनाव लड़े और तब से अब तक वह यहां के सांसद हैं। आमतौर पर बाकी पार्टियां कांग्रेस को इस सीट पर वॉकओवर देती आई हैं, लेकिन २०१४ में बीजेपी ने यहां से स्मृति इरानी को उतारकर मुकाबले को काफी रोमांचक बना दिया था। इस दौरान उनकी बहन प्रियंका गांधी, जीजा रॉबर्ट वाड्रा और उनके दोनों बच्चे रिहान और मिराया भी रोड शो में शामिल रहे। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल इस बार दो लोकसभा सीटों से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कुछ दिन पहले केरल के वायनाड सीट से भी नामांकन किया है। २०१४ में आम आदमी पार्टी की ओर से कवि कुमार विश्वास भी मैदान में उतरे लेकिन वह कोई खास चुनौती नहीं पेश कर सके और चौथे स्थान पर रहे।

उत्तराखंड में चुनाव प्रचार समाप्त, ११ को मतदान होगा

(संपूर्ण समाचार सेवा) देहरादून,

उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर पहले चरण में ११ अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिये पिछले एक पखवारे से चल रहा चुनाव प्रचार का शोर मंगलवार शाम समाप्त हो गया। प्रदेश की मुख्य निर्वाचन अधिकारी सौजन्या ने बताया कि शाम पांच बजे चुनाव प्रचार की अवधि समाप्त होने के बाद प्रत्याशी जनसभाओं के माध्यम से प्रचार नहीं कर सकेंगे। मतदाताओं की संख्या ७८ लाख ५६ हजार २६८ है जिसमें महिला मतदाताओं की संख्या ३७ लाख ११ हजार २२० है। ट्रांसजेडर मतदाताओं की संख्या २५९ है जबकि सर्विस वोटर ९०८४५ हैं। सबसे ज्यादा वोटर १८ लाख ४० हजार ७३२ हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र में हैं जबकि सबसे कम मतदाता १३ लाख ३७ हजार ८०३ अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र में हैं। सर्वाधिक २७.४ प्रतिशत संख्या ३०-३९ आयुवर्ग के मतदाताओं की है जबकि १.६ प्रतिशत मतदाताओं की उम्र ८० वर्ष से अधिक है। पूरे राज्य में कुल ११२२९ मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिनमें से ६९७ संवेदनशील और ६५६ अतिसंवेदनशील घोषित किए गए हैं।

संपादकिय

छत्तीसगढ़ में बेलगाम होते नक्सली, सख्ती से निपटने के लिए सरकार को करना होगा सफाया

चुनाव पूर्व छत्तीसगढ़ नक्सिली हमले में भाजपा विधायक समेत चार जवान शहीद हो गए। अब वक्त आ गया है केन्द्र सरकार और राज्य सरकार संयुक्तरूप से सर्च अभियान चलाकर नक्सिलयों का खातमा करें।छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में नक्सली हमले में भाजपा विधायक भीमा मंडावी के साथ चार सुरक्षाकर्मियों की मौत नक्सलियों के फिर से सिर उठाने का संकेत होने के साथ ही इस बात का भी सूचक है कि उनका दमन किया जाना शेष है। दंतेवाड़ा की खौफनाक घटना यही रेखांकित कर रही है कि नक्सलियों का दुस्साहस कायम है और वे चुनाव प्रक्रिया के साथ कानून एवं व्यवस्था को भी चुनौती देने में समर्थ बने हुए हैं। यह सिलसिला अब थमना ही चाहिए। हालांकि छत्तीसगढ़ में नक्सलियों पर कुछ लगाम लगी है, लेकिन यह ठीक नहीं कि वे जब–तब हिंसक वारदात करने में समर्थ हो जाते हैं। चिंता की बात यह है कि उनके ज्यादातर हमले बारूदी सुरंगों के जरिये ही होते हैं। आखिर वे बारूदी सुरंगों का इतनी आसानी से इस्तेमाल करने में कैसे समर्थ हैं ? एक सवाल यह भी है कि उन्हें आधुनिक हथियारों और विस्फोटक सामग्री की आपूर्ति कहां से हो रही है ? इन सवालों के जवाब इसलिए तलाशे जाने चाहिए, क्योंकि इस राज्य में नक्सली रह–रह कर सिर उठाकर उन दावों को चुनौती देते हैं जिनके तहत यह कहा जाता है कि उनकी ताकत कम हो रही है। नक्सली किस तरह अभी भी एक बड़ा खतरा बने हुए हैं, इसका प्रमाण केवल यही नहीं है कि तमाम चौकसी के बाद भी वे जहां–तहां हमले करने में समर्थ हैं, बल्कि यह भी है कि उनके हमलों के भय से राज्य में लोकसभा चुनाव तीन चरणों में कराने पड़ रहे हैं। इसके पहले विधानसभा चुनाव दो चरणों में कराने पड़े थे। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि चंद दिनों पहले नक्सलियों के हमले में बीएसएफ के चार जवान निशाना बने थे। जब नक्सली संगठन चुनाव के बहिष्कार की धमकी देने के साथ हिंसक गतिविधियों को अंजाम देने में लगे हुए थे तब फिर कहीं अधिक सतर्कता बरती जानी चाहिए थी। जरूरी केवल यह नहीं है कि चौकसी में कमी के कारणों का पता लगाने के साथ उनका निवारण किया जाए, बल्कि यह भी है कि जिन नक्सलियों ने भाजपा विधायक के काफिले को निशाना बनाया उन्हें जितनी जल्दी संभव हो, ठिकाने लगाया जाए। इसी के साथ इसकी भी तह तक जाने की जरूरत है कि नक्सलियों ने नक्सल प्रभावित इलाके के इकलौते भाजपा विधायक को क्यों निशाना बनाया ? नक्सलियों को यह संदेश देना बहुत जरूरी है कि अगर वे हिंसा का सहारा लेने से बाज नहीं आएंगे तो उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। नक्सली किसी नरमी के हकदार इसलिए नहीं, क्योंकि वे वसूली करने वाले गिरोह में तब्दील हो गए हैं और निर्धन तबके को बहकाकर अपना उल्लू सीधा करने में लगे हुए हैं। छत्तीसगढ़ की नई सरकार को यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि नक्सली पुलिस एवं सुरक्षा बलों की ओर से बनाए गए दबाव से मुक्त न होने पाएं। यह शुभ संकेत नहीं कि वे एक सप्ताह के अंदर दो बड़ी वारदात करने में सक्षम हो गए। यह जरूरी है कि केंद्र सरकार के साथ राज्य सरकार नक्सलियों से निपटने की नीति को और प्रभावी बनाने पर ध्यान दे। आंतरिक सुरक्षा के मामले में संकीर्ण राजनीति के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए।

प्रतिबद्ध न्याय पालिका का नारा

(जी.एन.एस.) जब यह माना जा रहा था कि पाकिस्तान से युद्ध जैसे हालात को देखते हुए राहुल गांधी कुछ दिनों के लिए अपने राफेल राग पर लगाम लगाएंगे तब उन्होंने एक बार फिर राफेल सौदे को लेकर 'चौकीदार चोर' का अपना नारा उछाला। इतना ही नहीं उन्होंने तथ्यों से मुंह चुराते हुए इस सौदे में देरी का आरोप भी मोदी सरकार पर म ?दिया, जबकि हर कोई जानता है कि मनमोहन सरकार कैसे वायुसेना की जरूरतों की अनदेखी कर कुंडली मारे बैठी रही। आखिर राहुल का रवैया खुद को जबरन सही साबित करने वाला नहीं तो और क्या है ? यह तो कांग्रेस की आपातकाल वाली मानसिकता है। राफेल पर पहले सुप्रीम कोर्ट और बाद में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की राय को हिकारत भरी नजरों से देखना भला और क्या है ? इमरजेंसी में इंदिरा गांधी की सरकार ने यही सब तो किया था! 1971 के लोकसभा चुनाव के बाद ही इंदिरा गांधी में यह प्रवृत्ति बलवती होने लगी थी। तब जयप्रकाश नारायण ने कहा था कि इंदिरा गांधी एकाधिकारवाद की ओर बड रही हैं। प्रतिबद्ध न्यायपालिका का नारा तो आपातकाल से पहले ही दे दिया गया था। इस नारे को कांग्रेसी सांसद शशि भूषण ने उछाला था। कांग्रेस नेतृत्व ने उसका कभी विरोध नहीं किया। इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार ने 1973 में तीन जजों की वरीयता को नजरअंदाज करके एएन राय को सुप्रीम कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बना दिया था। सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ। एएन राय जनवरी, 1977 तक मुख्य न्यायाधीश रहे। इमरजेंसी को वैधानिक बनाने में उनका ब ?ा योगदान था। जस्टिस राय के कार्यकाल में सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के पक्ष में कई निर्णय किए। उनके एक खास निर्णय को तो सुप्रीम कोर्ट ने 42 साल बाद 2017 में पलटा। 1975 का वह एक ऐसा निर्णय था जिसे तत्कालीन केंद्र सरकार ने खूब पसंद किया था। आपातकाल के दमन को जारी रखने में उस निर्णय ने अहम भूमिका निभाई थी। उस निर्णय के जरिये अदालत ने नागरिकों के जीने के अधिकार की सरकार द्वारा समाप्ति पर अपनी मुहर लगा दी थी। आज की कांग्रेस भी राफेल पर वैसा ही निर्णय चाहती थी जो उसके राजनीतिक विरोधियों के प्रतिकूल पडे, पर जब मौजूदा सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा कुछ नहीं किया तो कांग्रेस कह रही है कि हम संयुक्त संसदीय समिति से जांच की मांग

पर कायम हैं। अब जरा पीछे चलें! 1975 में इंदिरा सरकार ने देश पर आपातकाल थोप दिया। इंदिरा गांधी की लोकसभा की सदस्यता अदालत द्वारा समाप्त कर दिए जाने की प्रतिक्रिया में इतना बडा कदम उठा लिया गया। तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने आपातकाल की अधिसूचना पहले जारी की और मंत्रिमंडल ने उस पर अपनी मुहर बाद में लगाई। यह है इमरजेंसी वाली मानसिकता। याद रहे कि राहुल गांधी ने तो 2013 में उस अध्यादेश की कॉपी को सार्वजनिक रूप से फाड दिया था जिस पर मनमोहन मंत्रिमंडल की मुहर लग चुकी थी। सजायाफ्ता नेताओं को राहत देने के लिए वह अध्यादेश बना था। राहुल के उस कदम के बाद सरकार ने उस अध्यादेश को वापस ले लया। नतीजतन लालू प्रसाद और रशीद मसूद की लोकसभा की सदस्यता चली गई थी। वैसे तो राहुल का वह काम अच्छा था, पर उनका तरीका इमरजेंसी वाली मानसिकता की उपज लगा। इमरजेंसी में परिवार नियोजन अभियान चला था, पर जिस मनमाने तरीके से चला, उससे बडी आबादी नाराज हो गई। आपातकाल में जयप्रकाश नारायण सहित देश के करीब एक लाख से अधिक विपक्षी नेताओं और राजनीतिक कर्मियों को जेलों में डाल दिया गया। चूंकि मौलिक अधिकार कौन कहे जीने का अधिकार भी छीन लिया गया था, इसलिए अदालतों को उन गिरफ्तारियों के खिलाफ कोई सुनवाई या कार्रवाई करने से रोक दिया गया था। इसके बावजूद देश के विभिन्न राज्यों के अनेक बंदियों ने उच्च न्यायालयों में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाएं दायर कीं। उच्च न्यायालयों ने राज्य सरकारों को नोटिस जारी कर दिए। बाद में सारी याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट पहुंच गईं। उन याचिकाओं पर केंद्र सरकार के पक्ष का समर्थन करते हुए तब सुप्रीम कोर्ट ने बंदियों को कोई राहत नहीं दी। यानी वे बिना किसी कानूनी मदद के लंबे समय तक जेलों में बंद रहे। इसे बनाए रखने में शीर्ष अदालत ने सरकार की जाने–अनजाने बडी सहायता की। आज की कांग्रेस भी यही चाहती है कि राफेल मामले में जब तक कोई अदालत या संस्था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दोषी नहीं ठहराती तब तक हम उस अदालती या संस्था के निर्णय को नहीं मानेंगे। इसी तरह जब कैग को राफेल डील में कोई घोटाला नहीं मिला तो कांग्रेस ने उसकी निष्पक्षता पर ही सवाल ख ?ा कर दिया। कांग्रेस की ओर से यह भी कहा गया कि खुद अफसर की हैसियत से कैग राजीव महर्षि की संलिप्तता राफेल सौदे में रही थी। मनमोहन सरकार ने 2013 में एसके शर्मा को कैग बनाया तो प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में शर्मा की नियुक्ति का विरोध किया गया था। आरोप इसी तरह का था जिस तरह का आरोप राजीव महर्षि पर कांग्रेस ने लगाया। यानी एक ही तरह के आरोप से घिरे व्यक्ति को कांग्रेस कैग बनाए तो ठीक, पर यदि दूसरे दल की सरकार बना दे तो गलत। यही है कांग्रेस की आपातकाल वाली मानसिकता! यहां यह नहीं कहा जा रहा है कि शर्मा या महर्षि के खिलाफ लगाए गए आरोप गलत थे या सही। यहां तो सिर्फ दोहरे मापदंड की बात हो रही है। इस पृष्ठभूमि में यह बताना प्रासंगिक है कि कैग जैसी संस्था को हमारे संविधान निर्माताओं ने कितनी अधिक गरिमा प्रदान की और साथ ही प्रथम प्रधानमंत्री ने किस तरह उसका पालन किया था। प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू कैग के पद को कितना गरिमामय पद मानते थे, उसका एक ही उदाहरण काफी है। प्रथम आम चुनाव का अवसर था। चुनाव प्रचार के लिए प्रधानमंत्री को देशभर में घूमना था। उन्हें विमान की जरूरत थी, क्योंकि यात्राओं के दौरान उन्हें सरकारी काम भी करने थे। विमान के उपयोग का पहले से कोई पूर्व उदाहरण नहीं था। समस्या थी कि इस संबंध में किससे सलाह ली जाए। अफसरों की समिति से या किसी अन्य सेड जवाहरलाल नेहरू ने अफसरों की समिति की जगह कैग से सलाह ली, क्योंकि उनकी नजर में उनको निष्पक्ष माना जाता है। इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार ने 1973 में तीन जजों की वरीयता को नजरअंदाज करके एएन राय को सुप्रीम कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बना दिया था। सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ। एएन राय जनवरी, 1977 तक मुख्य न्यायाधीश रहे। इमरजेंसी को वैधानिक बनाने में उनका ब ?ा योगदान था। जस्टिस राय के कार्यकाल में सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के पक्ष में कई निर्णय किए। उनके एक खास निर्णय को तो सुप्रीम कोर्ट ने 42 साल बाद 2017 में पलटा। 1975 का वह एक ऐसा निर्णय था जिसे तत्कालीन केंद्र सरकार ने खूब पसंद किया था। आपातकाल के दमन को जारी रखने में उस निर्णय ने अहम भूमिका निभाई थी। उस निर्णय के जरिये अदालत ने नागरिकों के जीने के अधिकार की सरकार द्वारा समाप्ति पर अपनी मुहर लगा दी थी। आज की कांग्रेस भी राफेल पर वैसा ही निर्णय चाहती थी जो उसके राजनीतिक विरोधियों के प्रतिकूल पडे, पर जब मौजूदा सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा कुछ नहीं किया तो कांग्रेस कह रही है कि हम संयुक्त संसदीय समिति से जांच की मांग पर कायम हैं। अब जरा पीछे चलें! 1975 में इंदिरा सरकार ने देश पर आपातकाल थोप दिया। इंदिरा गांधी की लोकसभा की सदस्यता अदालत द्वारा समाप्त कर दिए जाने की प्रतिक्रिया में इतना बडा कदम उठा लिया गया। तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने आपातकाल की अधिसूचना पहले जारी की और मंत्रिमंडल ने उस पर अपनी मुहर बाद में लगाई। इसके बावजूद देश के विभिन्न राज्यों के अनेक बंदियों ने उच्च न्यायालयों में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाएं दायर कीं। उच्च न्यायालयों ने राज्य सरकारों को नोटिस जारी कर दिए। बाद में सारी याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट पहुंच गईं। उन याचिकाओं पर केंद्र सरकार के पक्ष का समर्थन करते हुए तब सुप्रीम कोर्ट ने बंदियों को कोई राहत नहीं दी। यानी वे बिना किसी कानूनी मदद के लंबे समय तक जेलों में बंद रहे। इसे बनाए रखने में शीर्ष अदालत ने सरकार की जाने–अनजाने बडी सहायता की। आज की कांग्रेस भी यही चाहती है कि राफेल मामले में जब तक कोई अदालत या संस्था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दोषी नहीं ठहराती तब तक हम उस अदालती या संस्था के निर्णय को नहीं मानेंगे। इसी तरह जब कैग को राफेल डील में कोई घोटाला नहीं मिला तो कांग्रेस ने उसकी निष्पक्षता पर ही सवाल ख ?ा कर दिया। कांग्रेस की ओर से यह भी कहा गया कि खुद अफसर की हैसियत से कैग राजीव महर्षि की संलिप्तता राफेल सौदे में रही थी। मनमोहन सरकार ने 2013 में एसके शर्मा को कैग बनाया तो प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में शर्मा की नियुक्ति का विरोध किया गया था। आरोप इसी तरह का था जिस तरह का आरोप राजीव महर्षि पर कांग्रेस ने लगाया। यानी एक ही तरह के आरोप से घिरे व्यक्ति को कांग्रेस कैग बनाए तो ठीक, पर यदि दूसरे दल की सरकार बना दे तो गलत। यही है कांग्रेस की आपातकाल वाली मानसिकता! यहां यह नहीं कहा जा रहा है कि शर्मा या महर्षि के खिलाफ लगाए गए आरोप गलत थे या सही। यह है इमरजेंसी वाली मानसिकता। याद रहे कि राहुल गांधी ने तो 2013 में उस अध्यादेश की कॉपी को सार्वजनिक रूप से फाड दिया था जिस पर मनमोहन मंत्रिमंडल की मुहर लग चुकी थी। सजायाफ्ता नेताओं को राहत देने के लिए वह अध्यादेश बना था। राहुल के उस कदम के बाद सरकार ने उस अध्यादेश को वापस ले लया। नतीजतन लालू प्रसाद और रशीद मसूद की लोकसभा की सदस्यता चली गई थी। वैसे तो राहुल का वह काम अच्छा था, पर उनका तरीका इमरजेंसी वाली मानसिकता की उपज लगा। इमरजेंसी में परिवार नियोजन अभियान चला था, पर जिस मनमाने तरीके से चला, उससे बडी आबादी नाराज हो गई। आपातकाल में जयप्रकाश नारायण सहित देश के करीब एक लाख से अधिक विपक्षी नेताओं और राजनीतिक कर्मियों को जेलों में डाल दिया गया। चूंकि मौलिक अधिकार कौन कहे जीने का अधिकार भी छीन लिया गया था, इसलिए अदालतों को उन गिरफ्तारियों के खिलाफ कोई सुनवाई या कार्रवाई करने से रोक दिया गया था। इसके बावजूद देश के विभिन्न राज्यों के अनेक बंदियों ने उच्च न्यायालयों में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाएं दायर कीं। उच्च न्यायालयों ने राज्य सरकारों को नोटिस जारी कर दिए। बाद में सारी याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट पहुंच गईं। उन याचिकाओं पर केंद्र सरकार के पक्ष का समर्थन करते हुए तब सुप्रीम कोर्ट ने बंदियों को कोई राहत नहीं दी। यानी वे बिना किसी कानूनी मदद के लंबे समय तक जेलों में बंद रहे। इसे बनाए रखने में शीर्ष अदालत ने सरकार की जाने–अनजाने बडी सहायता की। आज की कांग्रेस भी यही चाहती है कि राफेल मामले में जब तक कोई अदालत या संस्था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दोषी नहीं ठहराती तब तक हम उस अदालती या संस्था के निर्णय को नहीं मानेंगे। प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू कैग के पद को कितना गरिमामय पद मानते थे, उसका एक ही उदाहरण काफी है। प्रथम आम चुनाव का अवसर था। चुनाव प्रचार के लिए प्रधानमंत्री को देशभर में घूमना था। उन्हें विमान की जरूरत थी, क्योंकि यात्राओं के दौरान उन्हें सरकारी काम भी करने थे। विमान के उपयोग का पहले से कोई पूर्व उदाहरण नहीं था। समस्या थी कि इस संबंध में किससे सलाह ली जाए। अफसरों की समिति से या किसी अन्य सेड जवाहरलाल नेहरू ने अफसरों की समिति की जगह कैग से सलाह ली, क्योंकि उनकी नजर में उनको निष्पक्ष माना जाता है। इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार ने 1973 में तीन जजों की वरीयता को नजरअंदाज करके एएन राय को सुप्रीम कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बना दिया था। सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ। इसी तरह जब कैग को राफेल डील में कोई घोटाला नहीं मिला तो कांग्रेस ने उसकी निष्पक्षता पर ही सवाल खडा कर दिया। कांग्रेस की ओर से यह भी कहा गया कि खुद अफसर की हैसियत से कैग राजीव महर्षि की संलिप्तता राफेल सौदे में रही थी। मनमोहन सरकार ने 2013 में एसके शर्मा को कैग बनाया तो प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में शर्मा की नियुक्ति का विरोध किया गया था। आरोप इसी तरह का था जिस तरह का आरोप राजीव महर्षि पर कांग्रेस ने लगाया। सरकार के अफसर तो प्रधानमंत्री के मातहत होते हैं, पर कांग्रेस की मौजूदा पीडी ने राजनीतिक कारणों से संस्था के प्रति जवाहरलाल नेहरू की भावना की भी परवाह नहीं की। उसे तो बस यही चाहिए कि कोई संस्था उस व्यक्ति को राफेल मामले में दोषी ठहरा दे जिसको कांग्रेस दोषी देखना चाहती है। तभी उसे कांग्रेस के उस प्रथम परिवार के समकक्ष मौजूदा प्रधानमंत्री को ला देने में सुविधा होगी। याद रहे कि भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस के प्रथम परिवार के सदस्यों एवं रिश्तेदार के खिलाफ कई मामले चल रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले और कैग की रिपोर्ट के बाद अच्छा होता कि राहुल राफेल पर दोबारा चर्चा करने से बचते। बहरहाल आपातकाल तथा अन्य अनेक कारणों से इंदिरा गांधी की 1977 के चुनाव में पराजय हुई और मोरारजी देसाई के नेतृत्व में जनता पार्टी की सरकार बनी। तब लगा था कि कांग्रेस की इमरजेंसी की मानसिकता का खात्मा हो गया, पर कांग्रेस की नई पीडी तो उसे बनाए रखने के पक्ष में लगती है!

अत्यधिक पाने की लालसा हमारे लिए एक बडे संकट को जन्म दे रही हैं

(जी.एन.एस.) आज का जलवायु परिवर्तन हमारी ही देन है। अगर इनसे मुक्त होना है तो हमें ही रास्ते खोजने होंगे। कोई चमत्कार हमें इससे मुक्त नहीं कर सकता। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सियोल यात्रा के दौरान एक महत्वपूर्ण बात कही कि हमारी जीवनशैली जलवायु परिवर्तन के बडे कारणों में से एक है। यह बात शत–प्रतिशत सही है कि हमने जिस तरह की जीवनशैली अपना रखी है वह एक दिन हम सबको डुबो देगी या फिर हमारा दम घोंट देगी। अगर हम मात्र जीवन की कुछ बुनियादी सुविधाओं तक ही सीमित होते तो भी चलता, पर अत्यधिक पाने की लालसा हमारे लिए एक बडे संकट को जन्म दे रही है। दुर्भाग्य यह है कि हम इस बदलते हालात की चर्चा तो कर रहे हैं, पर इन सुविधाओं को त्यागने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। इसके दुष्परिणाम हमारे सामने हैं। हर मौसम के बदले से तेवर दिखाई दे रहे हैं। ऐसा नहीं है कि इसके बारे में हमें पहले जानकारी नहीं मिली थी ? जॉन टेंडल ने वर्ष 1850 में यह बता दिया था कि ग्रीन हाउस गैसें भीषण गर्मी या ठंडी का कारण बन सकती हैं। इसी के आसपास वैज्ञानिकों ने आइसोटोप अध्ययन के आधार पर यह बता दिया था कि बडते कार्बन डाईऑक्साइड का मतलब ज्यादा जीवाश्म ईंधनों का उपयोग है, लेकिन तब से हम इसकी अनदेखी कर रहे हैं। अब तमाम अध्ययनों से साफ हो चुका है कि यह जलवायु परिवर्तन मानव जनित है और इसमें मुख्य भूमिका जीवाश्म ईंधनों का बेतहाशा इस्तेमाल, वनों की अंधाधुंध कटाई, अनियोजित शहरीकरण की ही है। जाहिर है जब जलवायु परिवर्तन मानव जनित है तो इसका निदान भी इंसानों के ही हाथों में है। आज दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों का सबसे बडा कारण यातायात है। वर्तमान में विश्व भर में 2 अरब 35 करो ? गाडियां सडकों पर हैं और 2035 आते–आते यह संख्या 3 अरब होने वाली है। अब अमेरिका का ही उदाहरण ले लीजिए, जहां यातायात से ही 28 फीसद ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन होता है, जबकि उद्योगों से 22 फीसद, अन्य व्यापार एवं घरेलू उपयोगों से 11 फीसद, खेती से 9 फीसद और बिजली उत्पादों से 28 फीसद ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन होता है। ऐसे में यह समझना मुश्किल भी नहीं है कि क्यों यातायात जलवायु परिवर्तन का सबसे बडा कारण

